# बारिश से चारों ओर तबाही, छतरपुर पानी-पानी, 2 मौतें



## तालाब बना खतरा, बारिश में गांव हुए जलमग्न, कई इलाकों में बिजली गुल

**छतरपुर/ टीकमगढ़, 18जुलाई. मध्यप्रदेश में कई जिलों में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. खासकर बुंदेलखंड के छतरपुर, टीकमगढ़ समेत अन्य जिलों में हालात भयावह हो गए हैं.**

छतरपुर में बीते 48 घंटे में रिकॉर्ड 12.2 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि जिले में औसतन 6.6 इंच बारिश हुई है. कई मोहल्ले और गांव पानी में डूब गए हैं,

### 15 घंटे की बारिश का कहर, घरों में घुसा पानी

### 48 घंटे में रिकॉर्ड 12.2 इंच बारिश दर्ज

सड़कें बंद हैं और कच्चे मकानों के गिरने से दो लोगों की मौत हो



कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रभावित इलाकों का किया दौरा

चुकी है. एक युवक लापता है और एक एंबुलेंस नाले में बह गई.

छतरपुर के वार्ड क्रमांक 25 में बड़ा तालाब का पानी घरों में घुस गया है. किशोर सागर तालाब का जलस्तर बढ़ने से मोहल्लों में घुटनों तक पानी भर गया है. कई रहवासी अपने घरों की छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं. वहीं ओरछा थाना क्षेत्र के धमची गांव में उर्मिल नदी के उफान पर आने से 200 परिवारों की सुरक्षा खतरे में है. ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल रेस्क्यू की मांग की है. बारिश से जुड़ी घटनाओं में ग्राम ढिलापुर में कच्चा मकान गिरने से सो रही मां-बेटी मलबे में दब गईं. बेटी की मौत हो गई और मां घायल हुई. वहीं ग्राम हतना में दीवार गिरने से एक युवक की जान चली गई.

नाले में बह गई एंबुलेंस के ड्राइवर को लोगों ने किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला. वहीं नारायणपुरा रोड पर नाले को पार करते वक्त एक युवक बह गया, जिसकी तलाश जारी है.

उधर टीकमगढ़ जिले में भी झमाझम बारिश ने तबाही मचाई है. टीकमगढ़-झांसी मार्ग पर पुनोल नाला उफान पर आ गया, जिससे संपर्क मार्ग बंद कर दिया गया है. पलेरा में घरों में पानी घुस गया है. जिला प्रशासन सतर्क है. कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने खुद प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्कूलों में अवकाश घोषित किया.

## एक नजर में

### गेहूं की स्टॉक लिमिट तय

**भोपाल.** भारत सरकार ने व्यापारियों के लिए 31 मार्च, 2026 तक के लिये गेहूं के स्टॉक की लिमिट तय कर दी है. व्यापारी,थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकते हैं. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये.

### जंगल में महिला की संदिग्ध मौत

**छिंदवाड़ा.** जिले के परासिया क्षेत्र अंतर्गत उरधन गांव के जंगल में एक महिला का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई. ग्रामीणों ने शव देखकर तुरंत पुलिस और वन विभाग को सूचना दी. मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, बताया जा रहा है कि महिला भोकाई के जंगल की ओर गई थी, जहां संभवत: जंगली जानवरों ने हमला कर दिया. हालांकि ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में यह संदेह भी है कि यह कोई हत्या का मामला हो सकता है. परासिया रेंजर अलका भूरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत जंगली जानवरों के हमले से प्रतीत होती है.

## रिश्वत लेते उपयंत्री नीरज और रोजगार सहायक पकड़ाए

**छिंदवाड़ा, 18 जुलाई. जबलपुर ईओडब्लू ने चौरई में रिश्वत लेते चौरई जनपद पंचायत के उपयंत्री और ग्राम पंचायत खिरखिरी के रोजगार सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया.**

ग्राम पंचायत खिरखिरी क्षेत्र में नाली, सड़क जैसे निर्माण कार्य किए गए थे. सरपंच आरती वर्मा ने चौरई जनपद पंचायत को बताया कि पंचायत में निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है. उक्त कार्य का निरीक्षण कर उन्हें निर्माण कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए. सरपंच द्वारा आवेदन करने पर उक्त निर्माण कार्यो का निरीक्षण चौरई जनपद पंचायत के उपयंत्री नीरज डेहरिया को करना था लेकिन उक्त कार्य करने के लिए ग्राम खिरखिरी के रोजगार सहायक आशीष शर्मा और उपयंत्री नीरज डेहरिया ने सरपंच आरती वर्मा से रिश्वत की मांग कर ली. उपयंत्री और रोजगार सहायक के द्वारा रिश्वत की मांग करने पर सरपंच आरती वर्मा के जेठ लालजी सोलंकी ने जलबपुर ईओडब्लू से इस बात की शिकायत कर दी. शिकायत के बाद ईओडब्लू की टीम आज चौरई पहुंची और टीम ने उपयंत्री नीरज डेहरिया को 50000 रुपए और ग्राम के रोजगार सहायक आशीष शर्मा को 15000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया.

# स्मार्ट सुविधा नहीं, स्मार्ट लूट है : जीतू पटवारी

### उपभोक्ताओं पर जबरन थोपा जा रहा स्मार्ट मीटर

**भोपाल,18 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए स्मार्ट मीटरों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं.**

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इसे 'स्मार्ट सुविधा' बताकर उपभोक्ताओं पर जबरन थोप रही है, जबकि यह वास्तव में 'स्मार्ट लूट' बन चुकी है. पटवारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद प्रदेशभर से हजारों उपभोक्ताओं ने बिलों में भारी बढ़ोतरी की शिकायतें की हैं. पहले जिनका बिल 300 से 600 रुपये



आता था, अब वही उपभोक्ता 6 हजार से लेकर 20 हजार रुपये तक के बिल देखकर हैरान-परेशान हैं,उन्होंने कहा.

कांग्रेस नेता ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का स्पष्ट निर्देश है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की स्वेच्छा पर आधारित हों, लेकिन बिजली कंपनियां जबरन मीटर थोप रही हैं. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस पूरे सिस्टम में विदेशी कंपनियों की भूमिका भी है, कई तकनीकी घटक जर्मनी, अमेरिका और चीन से मंगवाए जा रहे हैं.

पटवारी ने सरकार से मांग की कि हाई कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाए, उपभोक्ता की सहमति के बिना कोई भी स्मार्ट मीटर न लगाया जाए, और इस प्रकिया में पारदर्शिता लाने के लिए तकनीकी खामियों, बिलिंग प्रणाली और मीटर रीडिंग की स्वतंत्र जांच करवाई जाए.

### राजधानी में धंसी सड़क को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने पीडब्ल्यूडी मंत्री पर साधा निशाना




**भोपाल.** राजधानी भोपाल की एक व्यस्ततम सड़क पर भारी बारिश के बीच बना 8 फीट गहरा गड्ढा अब सियासी मुद्दा बन गया है. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसे लेकर सरकार पर जोरदार हमला बोला, वहीं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए पलटवार कर विपक्ष को कठघरे में खड़ा कर दिया. सिंघार ने चेतक ब्रिज के पास सड़क धंसने की घटना पर कहा, मध्यप्रदेश में सड़क नहीं, भ्रष्टाचार धंस रहा है! राजधानी के ज्योति टॉकीज चौराहे पर 8 फीट गहरा गड्ढा — यह गड्ढा नहीं, भ्रष्ट तंत्र में धंसी विकास की नींव है. जब राजधानी की हालत ये है, तो बाकी प्रदेश का क्या हाल होगा? इसके जवाब में मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सड़क 2002 से पहले की बनी हुई है और यह सीपीए से पीडब्ल्यूडी को उसी वर्ष हस्तांतरित हुई थी.

## मैं पहले जैसा था, वैसा ही अभी हूं : हेमंत

### मुलताई और बैतूल में जिला पदाधिकारी एवं प्रबंध समिति की बैठक

**बैतूल, 18 जुलाई. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने स्वागत में उमड़े कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण हैं. उनके सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने दूंगा. पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार व स्नेह दिया, उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा.**

यह दायित्व मिलने के बाद भी मैं पहले जैसा था, वैसा ही आज भी आपके साथ हूं और आगे भी साथ रहूंगा. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक एवं प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर स्थानीय



कार्यकर्ताओं से भेंट की. अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा. हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे. हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा. खण्डेलवाल ने मुलताई में ताप्ती उदगम स्थल ताप्ती सरोवर से कावड़ यात्रा का शुभारंभ कर कावड़ यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया. उन्होंने नागपुर नाका मुलताई में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल के मुलताई प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया. बैतूल से मुलताई मार्ग पर ससुन्द्रा, परमण्डल जैसे अनेकों गांवों के साथ ही मुलताई भाजपा कार्यालय और मुलताई नगर में उनका भव्य स्वागत किया गया.

## दबंगई पर उतरे अधिकारी, शराब दुकानों पर मारपीट

**जबलपुर,18 जुलाई. आबकारी विभाग की दबंगई की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें सहायक आयुक्त संजीव दुबे और उनकी टीम जिले के बरेला थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान में घुसकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं.**

आरोप है कि दो गाड़ियों में भरकर पहुंची टीम ने पूछताछ के नाम पर गाली-गलौज और फिर हाथापाई की. ठेकेदार ने आरोप लगाया कि विभाग की मंशा वसूली की थी और जब बात नहीं बनी तो 3 दुकानों में जाकर स्टाफ के साथ मारपीट की गई. धनपुरी शराब दुकान से सीसीटीवी डीवीआर भी ले जाया गया. ठेकेदार ने रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन थाने में सुनवाई नहीं हुई. बाद में घायल स्टाफ का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया और 181 पर शिकायत की गई.







## पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात प्रणाली जरूरी

### उपयोगी हो सकता है मर्काबार्ना मॉडल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मप्र के लिए उपयोगी हो सकता है. मप्र में बढ़ते कृषि उत्पादन को देखते हुए बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात प्रणाली की आवश्यकता है.**

स्पेन प्रवास के तीसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मर्काबार्ना के भ्रमण के दौरान यह बात कही. यह संस्थान 250 एकड़ में फैला हुआ यूरोप का प्रमुख फूड लॉजिस्टिक्स हब है, जहां उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग और वितरण की



व्यवस्थाएं एकीकृत रूप से संचालित होती हैं. मर्काबार्ना के सीईओ ने मप्र के प्रति रूचि जताई. मर्काबार्ना के सीईओ पाब्लो विल्लानोवा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन करते हुए कहा कि भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं. उन्होंने मप्र के प्रति विशेष रुचि और भविष्य में द्विपक्षीय ज्ञान साझेदारी पर सहमति जताई.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फार्म-टू-फोर्क मॉडल, कोल्ड चेन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, ट्रेसेबिलिटी और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मर्काबार्ना द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं की सराहना की. उन्होंने कहा कि मप्र में विकसित किए जा रहे मेगा फूड पार्क, एग्रीबिजनेस क्लस्टर और ग्रामीण उद्योग केंद्रों में इन नवाचारों को समाहित किया जाएगा.

### कैटलोनिया सरकार के विदेश मंत्री से मिले सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में कैटलोनिया सरकार के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट से भेंट की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान आईआईटी इंदौर और आईआईएसईआर भोपाल को बार्सिलोना के विश्वविद्यालयों से जोड़ते हुए अकादमिक और शोध सहयोग को बढ़ाने की बात कही. उन्होंने बताया कि मप्र विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया.

**चर्चा** ड्रग्स बंदी के लिये अभियान जरुरी, 2005 से 2013 तक मुझे प्रताड़ित किया

## शराबबंदी पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 जुलाई. भाजपा की दिग्गज नेत्री और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा है कि शराबबंदी पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में है, सरकार जब चाहे शराबबंदी कर सकती है, लेकिन ड्रग्सबंदी के लिये अभियान जरुरी है.**

यह बात उन्होंने शुक्रवार को अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा में कही. उन्होंने इस दौरान अपना दर्द भी साझा करते हुए कहा कि उन्हें वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2005 तक प्रताड़ित किया गया. दरअसल भारती ने एक दिन पहले ट्वीट कर उन्हें दोनों सरकारों द्वारा



प्रताड़ित किये जाने की बात कही थी, उसके बाद भी राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर कानाफूसी का दौर शुरू हो गया था कि आखिर उमा भारती का इशारा किसकी ओर है. आखिरकार उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में स्थिति साफ कर दी. उन्होंने कहा कि कल मैंने जो ट्वीट किया था, उसका एक-एक शब्द सही है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन्हें 1990 और 92 के दौर में प्रताड़ित किया गया, भाई पर लूट और डकैती के प्रकरण बने. दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के समय हत्या के आरोप मेरे भाईयों पर लगे, लेकिन वे सब अदालत से बरी हो गये.

### मोदी, अमित शाह मुझसे नाराज नहीं

उमा ने कहा कि मोदी और अमित शाह मुझसे नाराज नहीं, ये केवल दुष्प्रचार है. नेताओं का दुर्भाग्य है कि दूसरों की निंदा करना पड़ता है. जब पार्टी बनी तो मैं कहीं न कहीं थी. भाजश के बाद में भाजपा में नहीं, एनडीए में आना चाहती थी. मैं गंगा से संबंधित काम सरकार या संगठन में करुंगी. मुझे भाजपा से कोई अलग नहीं कर सकता. उन्होंने कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचार हो रहा है. प्रशासन और पुलिस में बहुत भ्रष्टाचार है. राजनीति के साथ प्रशासनिक स्वच्छता लाना जरुरी है. भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई भी हो, हम साथ देंगे. संघ प्रमुख भागवत के 75 वर्ष वाले बयान पर कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी समाज में अच्छा काम करते हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14